Women's Day Special

Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur

# Jayoti Muhim

मासिक समाचार पत्र

RNI: RAJBIL/2014/64287 ISSUE (अंक)-2022-03

March, 2022

"The Willingness to listen, the patience to understand, the strength to support. the heart to care & just to be there, that is the beauty of a lady, We are strong and enough"



**Jv'n Mithlesh Garg**
Honourable Chairperson
JVWU



"Gender diversity isn't just good for women; This is great for anyone who wants results oriented outcomes. I think the word woman is enough in itself which is powerful, fearless, strong, restraint and source of inspiration for all of us and we all should respect all women.
Jayoti Vidyapeeth Women' s University is fully committed, diligent and ready to establish women in the society through Higher Education."

**Jv'n Vedant Garg**
Honourable Advisor & CEO
JVWU

## JV's Strong Women's



Director of Administration
JVWU



Chairperson
JVWU



Registrar
JVWU

RNI: RAJBIL/2014/64287
ISSUE (अंक)-2022-03

# 8 मार्च 2022 को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन।





नारी शिक्षा और सम्मान को समर्पित, महिला उन्मुखीकरण के लक्ष्य को ध्यान में रखकर स्वर्गीय डॉ. पंकज गर्ग द्वारा सन् 2008 में अपने अथक प्रयासों से महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी, इस विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष नित्य ही ऐसे आयोजन किये जाते हैं जिससे महिला शक्ति में परस्पर वृद्धि हो, इसी क्रम में दिनांक 08 मार्च 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में भव्य आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की छात्राओं ,प्रबन्धन ,एवं विभागीय सदस्यों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबन्धन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन हेतु छात्राओं एवं विभागीय सदस्यों द्वारा पिछले कई दिनों से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी की जा रही थी, 08 मार्च को प्रातःकाल से ही विभिन्न गतिविधियों का संचालन प्रारम्भ हो गया था जैसे– प्रातः 06 बजे छात्राओं हेतु विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, उसके उपरांत प्रातः 11.30 बजे से (एल्युमिनी मीट) पूर्व छात्राओं के मिलन के कार्यक्रम का आयोजन सभागार में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित पूर्व छात्राऐं सम्मिलित हुयी, जिसमें जेवीएन तनुशी और जेवीएन अनामिका को अपने क्षेत्र में सामाजिक सेवायें देने के लिए माननीय सलाहकार एवं सी.ई.ओ. श्री वेदान्त गर्ग द्वारा ' मेडल ऑफ ऑर्नर फोर कम्यूनिटि ' से पुरस्कृत किया गया । विश्वविद्यालय प्रबन्धन द्वारा महिला दिवस की थीम गुलाबी रंग रखी गयी थी जिससे प्रेरित होकर सभी छात्रायें एवं विभागीय सदस्य गुलाबी वस्त्रों में परिसर में आये थे जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो गुलाबी शहर की अवधारणा यहीं प्रदर्शित हो रही हो।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दोपहर 2.00 बजे से विश्वविद्यालय के ओपन ऑडिटोरियम में हुआ जहां पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागों की छात्राओं एवं विभागीय सदस्यों द्वारा अलग–अलग स्टॉल्स लगाये गये थे जैसे– पत्रकारिता विभाग द्वारा सेल्फी प्वाईंट, कृषि एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा फूड स्टाल, होमियोपैथिक विभाग द्वारा शारीरिक जांच शिविर, फैशन विभाग द्वारा फैशन प्वाईंट, शिक्षा विभाग द्वारा मेंहदी एवं कला शिविर इत्यादि कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के माननीय सलाहकार एवं सी.ई.ओ. श्री वेदान्त गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय गान के साथ किया गया, इसके उपरांत माननीय सलाहकार महोदय द्वारा वर्तमान महिला शक्ति तथा उनके विकास से सम्बन्धित अपने विचारों को सभी के समक्ष रखा तथा छात्राओं से अपील की गयी की वह भी विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पर विद्यमान नारी शक्तियों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. हेमा बाफिला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आगे बढने के क्रम में छात्रों के समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, विश्वविद्यालय द्वारा सभी महिला फैकल्टी मेंबर का उनके योगदान के लिए उन्हे सम्मानित किया और उनका महिला शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए आभार प्रकट किया साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में – विश्वविद्यालय की नवनियुक्त चेयरपर्सन श्रीमती मिथिलेश गर्ग के नाम की घोषणा की गयी

## *JV's Strong Women's*



**Director of Research & Development JVWU**



**Deputy Controller of Examination JVWU**



**Deputy Director Distance Education JVWU**

RNI: RAJBIL/2014/64287
ISSUE (अंक)-2022-03



# मेरी प्रतिभा

कुछ वक्त खुशियों से हमारे लिए बचा लेती है,
वो माँ हे मेरी प्यारी मेरी हर बात मान लती है।
हर रिश्ते को बखुबी निभाती है
वो माँ हे मेरी जो हर दर्द छिपा लेती है।
हर वक्त हर कदम मेरी साथ खड़ी रही,
मेरी खुशियों के लिए न जाने कितने से लड़ी रहीं।
वो माँ हे प्यारी मेरी मेरी साथ हमेशा खड़ी रहीं।।

**JV'n Diksha Saxena**

नारी तुम कभी नहीं हारी हों
तुम भीषण ज्वाला सी, दुर्गा हो अवतारी
दुनिया ने तुम्हारे लिए पिंजरा एक बनाया हैं
तोड़ कर इस पिंजरे को, तुम्हे बाहर निकलना है,
कभी कम मत आंकना तुम खुद को,
तुम्हारा एक वजूद है, तुम साबित कर देना खुद को

**Jv'n Mamta Bishnoi**
**Student B.A. Journalism**

---

## JV's Strong Women's



**Director**
**Faculty of Education & Methodology**
**JVWU**



**Dean**
**Faculty of Ayurvedic Science**
**JVWU**



**Director**
**Faculty of Law & Governance**
**JVWU**

## We are Proud of Our JV'ns

# Awardees

## JV Alumni-2022



JV'n Tanushi



JV'n Anamika

### Medal of Honor for Community Service

### Skill Excellence Award



JV'n Preeti



JV'n Vartika

## JV's Strong Women's



JV'n Mona Pathak
Co-ordinator
(FHS)



JV'n Nishu Sharma
Co-ordinator
(CS)



JV'n Diksha Saxena
Co-ordinator
(Journalism)



JV'n Simran Walia
Co-ordinator
(Fashion & Fine Art)



JV'n Monika
Co-ordinator
(FPS)

RNI: RAJBIL/2014/64287
ISSUE (अंक)-2022-03

# Glimpse of Women's Day at JVWU



















## JV's Strong Women's



*Jv'n Minakshi*
*Co-ordinator*
*(FLG-Management)*



*JVn Shivi Saxena*
*Co-ordinator*
*(FPD/MLT)*



*Jv'n Tanushi*
*Co-ordinator*
*(FLG)*



*Jv'n Khushbu Verma*
*Co-ordinator*
*(FAV)*



*Jv'n Triveni*
*Co-ordinator*
*(FPD)*

एक पत्र आपके नाम

महिला, नारी या औरत कहो किसी भी रुप में उस दैवीय प्रतिमा की आकृति आपके अतर्मन में स्पष्ट रुप से परिलिक्षित होने लगेगी जिसे आमतौर पर हम जानते हैं जन्म देने वाली एक माँ के रुप में, हमारे बालपन एवं कुंवारपन में एक मित्र की तरह हमारे साथ रहने वाली एक बहन के रुप में, आजीवन सुख–दुख में निःस्वार्थ हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाली अर्धांग्नी के रुप में, परन्तु 21वीं सदी की नारी को जब हम देखते हैं तब हमें ज्ञात होता है कि जिस नारी को हम केवल चौखट के अन्दर पिता,भाई,पति,परिवार की सेवा करते हुये देखते आये हैं, कई तरह के सामाजिक बंधनों में बंधे हुये देखते आये हैं– आज वह नारी सभी बंधनों को तोड़तें हुये स्वछंद उड़ान भरते हुये इस आकाश रुपी दुनिया में निडर, निःसंकोच विचरण कर रही है, और अपनी सफलता के परचम प्रत्येक क्षेत्र में फहराते हुये आगे बढती चली जा रही है और इस पुरुष प्रधान मानसिकता को ना केवल चुनौती दे रही है बल्कि कई क्षेत्रों में उसे परास्त भी कर रही है। अगर बात की जाये आर्यवृत के विषय में तो वर्तमान में कई ऐसे उदाहरण हैं जिनसे हमें ज्ञात होगा एक नारी उस स्थान को प्राप्त कर सकती है जिसे पाना किसी के लिये एक स्वप्न मात्र हो सकता है फिर चाहे वह गीता गोपीनाथ हों जो इण्डियन मानिटरी फण्ड की चीफ इकोनामिस्ट के पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला हैं, हिमा दास 19 वर्ष की पहली भारतीय महिला एथेलीट जिन्होंने 2019 में आई.ए.ए.एफ में विभिन्न श्रेणियों में 5 स्वर्ण पदक जीते, मैरी काम जिन्होंने पहली बार वर्ल्ड एमेच्योर बाक्सिंग चौम्पियनशिप में लगातार 6 बार पदक जीतकर कीर्तीमान स्थापित किया, लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी जिन्हें भारत की प्रथम महिला फाईटर प्लेन पायलट होने का सम्मान प्राप्त है, किरन मजूमदार शॉ जिनका स्थान विश्व के प्रमुख उद्योगपतियों में आता है और फोर्ब्स पत्रिका में जिन्हें 60वां स्थान प्राप्त है, पद्मविभूषण इन्द्रा नूयी जो पेप्सीको की पूर्व सी.ई.ओ रह चुकी है और जिन्हें वर्ष 2015 की फारच्यून लिस्ट में विश्व की दूसरी सबसे ताकतवर महिला माना गया है।

ऊपर दिये गये चन्द उदाहरणों को पढ़कर हमें यह ज्ञात होता है कि आज की नारी उस प्राचीन दकियानुसी पुरुष प्रधान आवरण को तोड़कर सबके साथ किस तरह कदमताल करते हुये निरंतर आगे बढ़ रही है और प्रत्येक क्षेत्र में सभी के लिये चुनौती प्रस्तुत कर रही है, मिसाल स्वरुप अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वोच्च योग्यता सूचि में अधिकांश महिलायें ही होती हैं, और अंत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज्योती विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की समस्त प्रतिभावान छात्राओं से हम यह अपेक्षा करते हैं कि वह भी विभिन्न क्षेत्रों में सफल हुयी महिलाओं से प्रेरित होकर अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अथक प्रयास करते हुये देश–दुनिया में धुवतारे की तरह चमकेंगी और आने वाली पीढियों को रौशनी दिखायेंगी साथ ही इस विश्वविद्यालय का नाम विश्व पटल पर शोभित करेंगी।

वेदांत गर्ग
सलाहकार एवं सीईओ
ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर